दिनांक : 25 .11.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहरण समारोह में शामिल होंगे।
- जिला और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्षों की शिक्षा समितियों में बढ़ेगी भूमिका, सीएम डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा।
- विशेष गहन पुनरीक्षण -एस आई आर के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 50 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित।
- भोपाल में कल से प्रारंभ होगी 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप।

प्रधानमंत्री - अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। श्री मोदी श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में ध्वजारोहरण समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री सप्त मंदिर भी जाएंगे। ये मंदिर, महर्षि वशिष्ठम, महर्षि विश्वादमित्र, महर्षि अगस्त्यु, महर्षि वाल्मिकी, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से संबंधित है। इसके बाद प्रधानमंत्री का शेषावतार मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे और मंदिर के गर्भगृह में राम दरबार की पूजा-अर्चना करेंगे। लगभग दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री पवित्र श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। ये मंदिर निर्माण के पूरा होने और राष्ट्रीय एकता तथा पारंपरिक विरासत का उत्सव मनाने का प्रतीक है।

राज्य स्तरीय कार्यशालाः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंचायत संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्ष अभी शिक्षा समितियों के अध्यक्ष होते हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान उनके सुझावों को शामिल नहीं किया जाता है। लेकिन अब उनके द्वारा किए विद्यालय के निरीक्षण और सुझावों को लिपिबद्ध किया जाएगा और शासन इन्हें अमल में लेकर कार्य करेगा।

कल भोपाल में पंचायतों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सरपंचों को पंचायत की गतिविधियों के लिए 25 लाख रूपए तक की राशि खर्च करने का अधिकार दिया है। यह तो केवल शुरूआत है, इस दिशा में आगे भी और पहल की जाएगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विकास और जनकल्याण गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और जिला जनपद अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। वर्तमान में भी गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। श्री पटेल ने कहा-

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों और सहयोगी संगठनों के अधिकारियों को सम्मानित किया। समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों की श्रेणी में खण्डवा जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उज्जैन आकाशवाणी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल आकाशवाणी केंद्र उज्जैन से स्थानीय प्रसारण का शुभारंभ करेंगे। उज्जैन आकाशवाणी केंद्र की कार्यक्रम प्रमुख अनामिका चक्रवर्ती ने बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन और महानिदेशक आकाशवाणी राजीव कुमार जैन भी सम्मिलित होंगे।

श्रम कानून- प्रतिक्रिया

जबलपुर के व्यापारी गौरव साहू ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

निर्वाचन आयोग - एस आई आर

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण -एस आई आर के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से 99 प्रतिशत से ज़्यादा गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 50 करोड़ 50 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। एस आई आर का दूसरा

चरण 4 नवंबर को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुआ है। मतदाता सूचियों का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण कार्य अगले वर्ष 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ सम्पन्न होगा।

एसआईआर-प्रदेश

उज्जैन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिले में जो एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है उसमें जल्द से जल्द अपना गणना पत्रक भरकर दे दें, जिससे यह प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

नेशनल रोइंग चैंपियनशिप

भोपाल के बड़े तालाब में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 30 नवंबर तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि भोपाल का बड़ा तालाब वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के लिए एक बेहद खूबसूरत और उपयोगी डेस्टिनेशन है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वर्तमान में नेशनल रोइंग खेल में नेशनल चैंपियन भी है। यह हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदेश की खेल नीतियों का परिणाम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से प्रदेश के वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच मिलेगा।

बैंड प्रतियोगिता

भोपाल में आज राज्य स्तरीय शालेय बैण्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। राज्य स्तरीय ब्रॉस बैण्ड और पाइप बैण्ड की श्रेणी में सभी संभागों की 19 टीमें भाग लेंगी और रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगी।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर जिले के गौतमपुरा से सोयाबीन भावान्तर योजना के तहत प्रदेश के एक लाख 52 हजार किसानों के खाते में 253 करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे।
- सतना जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के 53 बीएलओ ने निर्धारित समय से पहले ही एसआईआर के तहत अपने मतदान केंद्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ को सम्मानित किया गया।
- कटनी  जिले में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 61.31 प्रतिशत पूरा हो गया है। जो मध्य प्रदेश में हुए अब तक औसत 57.05 फीसदी डिजिटाइजेशन कार्य से 4.26 प्रतिशत अधिक है।
- रतलाम में क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के तत्वावधान में खेल चेतना मेला 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित होगा।
- खरगोन जिले के गोगावा थाना क्षेत्र में कल छात्रों को घर छोड़ने जा रही एक बस और एक दुपहिया वाहन में टक्कर होने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में आयोजित इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज़ के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन प्रो. अरविंद जामखेड़कर ने बौद्ध स्थापत्य कला पर विचार रखें।

-------